दैनिक
न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

आवश्यक सूचना

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 ‖ Postal Registration No-055/Raigarh DN CG ‖ रायगढ़, शुक्रवार 13 अगस्त 2021 ‖ पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए ‖ वर्ष-03, अंक- 314

महत्वपूर्ण एवं खास

जम्मू-कश्मीर के कठुआ में आपस में भिड़े पुलिस, एक हेड कांस्टेबल की मौत

जम्मू (आरएनएस)। जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले में पुलिस लाइन के अंदर कुछ पुलिसकर्मियों के बीच हुई झड़प में एक हेड कांस्टेबल की मौत हो गई। बीती देर शाम कठुआ जिले में डिस्ट्रिक्ट पुलिस लाइन (डीपीएल) के अंदर ड्यूटी से लौटने के बाद कुछ पुलिसकर्मियों की आपस में झड़प हो गई। झड़प के दौरान एक कांस्टेबल ने गोली चला दी, जिसमें हेड कांस्टेबल मुहम्मद यूनुस की मौत हो गई। सूत्रों ने कहा कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। झड़प के कारणों का पता लगाने के लिए जांच की जा रही है।

उच्च सदन में हुई घटना में कांग्रेस सांसद घायल हुआ

नई दिल्ली (आरएनएस)। राज्यसभा में बुधवार को हुए भारी बवाल को लेकर सदन में कांग्रेस की सचेतक छाया वर्मा ने आरोप लगाया कि इस हंगामे के लिए सरकार जिम्मेदार है। उन्होंने दावा कि सदन में हुई घटना में एक कांग्रेस सांसद घायल हो गया। उनके साथ दुर्व्यवहार किया गया। पीयूष गोयल बताएं कि सदन में इतने सारे मार्शल क्यों बुलाए गए? मैं माफी क्यों मांगू? सांसद छाया वर्मा ने सवाल किया कि कल राज्यसभा में हुई घटना के लिए कौन जिम्मेदार है? संसद चलाना सरकार की जिम्मेदारी है। हम तो संसद में जनता की आवाज उठा रहे थे। यदि जनता की आवाज नहीं सुनी जाएगी तो, यह होगा। छाया वर्मा पर आरोप है कि सदन में हंगामे के दौरान उन्होंने एक महिला मार्शल के साथ धक्कामुक्की की थी।

सुप्रीम कोर्ट से नारायण साईं की पेरोल वाली याचिका हुई खारिज

नई दिल्ली(आरएनएस)। दुष्कर्म के मामले में उम्रकैद की सजा काट रहे आसाराम के बेटे नारायण साईं को सुप्रीम कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। सुप्रीम कोर्ट ने पेरोल देने वाली याचिका को खारिज कर दिया है। नारायण साईं के वकील ने दो हफ्ते की पेरोल की मांग की थी। शीर्ष कोर्ट ने गुजरात उच्च न्यायालय के आदेश पर रोक लगाते हुए जमानत देने से इनकार कर दिया। न्यायमूर्ति डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति एम आर शाह की पीठ ने गुजरात सरकार की याचिका पर नारायण साई को नोटिस दिया। गुजरात उच्च न्यायालय की एकल पीठ ने 24 जून को नारायण साई को पेरोल की मंजूरी दी थी। इससे पहले दिसंबर 2020 में उच्च न्यायालय ने साई की मां की तबीयत खराब होने के कारण उसे पेरोल मिली थी। बता दें कि सूरत की एक अदालत ने नारायण साई को 26 अप्रैल 2019 को भारतीय दंड संहिता की धारा 376 (दुष्कर्म), 377 (अप्राकृतिक अपराध), 323 (हमला), 506-2 (आपराधिक धमकी) और 120-बी (षड़यंत्र) के तहत दोषी ठहराया था और उम्रकैद की सजा सुनाई थी।

तस्करी कर लाए गए और 13 बच्चे मुक्त, असम की महिलाएं सिक्किम में छुड़ाई गईं

गुवाहाटी (आरएनएस)। असम पुलिस ने अपने सिक्किम समकक्षों की मदद से हिमालयी राज्य से तस्करी कर लाए गए आठ लड़कियों सहित 13 और बच्चों को छुड़ाया है। असम पुलिस ने सिक्किम पुलिस की मदद से दो हफ्ते पहले सिक्किम से 16 लड़कियों और दो वयस्कों सहित 40 बच्चों को छुड़ाया था और उन्हें घर वापस लाया था। पुलिस ने कहा कि सभी 55 बच्चों और महिलाओं को लंबे समय पहले अलग-अलग मौकों पर सिक्किम लाया गया था और अवैध रूप से घरेलू और अन्य कामों में लगाया गया था। अधिकारी ने कहा, मानव तस्करी रैकेट के सरगना कृष्ण योगी को भी गिरफ्तार किया गया था। पीड़ितों को बेहतर वेतन वाले रोजगार के अवसरों का लालच दिया गया था। असम से कई अन्य बच्चों और महिलाओं को भी सिक्किम में तस्करी कर लाया गया था। शेष को बचाने के प्रयास जारी हैं। पुलिस के अनुसार, सभी 55 बच्चे और महिलाएं भारत-भूटान सीमा पर असम के बोडोलैंड क्षेत्रीय क्षेत्र के आर्थिक रूप से पिछड़े चिरांग जिले से हैं। पुलिस ने कहा कि मानव तस्करों ने असम के आर्थिक रूप से पिछड़े वर्गों को निशाना बनाया है, जो कोविड महामारी से प्रेरित स्थिति और आर्थिक संकट से सबसे ज्यादा प्रभावित हैं।

गंगा खतरे के निशान से ऊपर बही, बाढ़ की चपेट में 24 जिले, 605 गांव

लखनऊ (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश में प्रमुख नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं, जिसके चलते 24 जिलों के करीब 605 गांवों को बाढ़ प्रभावित घोषित कर दिया गया है। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, राज्य के 24 जिलों में बाढ़ प्रभावित गांवों की संख्या 605 हो गई है।

राहत आयुक्त रणवीर प्रसाद ने बताया कि बदायूं, प्रयागराज, मिर्जापुर, वाराणसी, गाजीपुर और बलिया जिलों में गंगा खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। उन्होंने कहा कि औरैया, जालौन, हमीरपुर, बांदा और प्रयागराज जिलों में यमुना खतरे के निशान से ऊपर बह रही है, जबकि बेतवा नदी हमीरपुर में उफान पर है। उन्होंने कहा कि लखीमपुर खीरी में शारदा नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है और इसी तरह गोंडा में कुवानो और उत्तर प्रदेश-राजस्थान सीमा पर चंबल में बह रही

है। हमीरपुर जिले में 75, बांदा में 71, इटावा और जालौन में 67-67, वाराणसी में 42, कौशांबी में 38, चंदौली और गाजीपुर में 37-37, औरैया में 25, कानपुर देहात और प्रयागराज में 24-24, फरु खाबाद में 23, आगरा में 20 और बलिया जिले में 17 गांव बाढ़ की चपेट में हैं।

प्रसाद ने कहा कि मिर्जापुर, गोरखपुर, सीतापुर, मऊ, लखीमपुर खीरी, शाहजहांपुर, बहराइच, गोंडा और कानपुर जिलों के गांवों में भी बाढ़ आई है। राहत आयुक्त ने कहा, राज्य सरकार ने नौ जिलों में राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) की नौ टीमों, 11 जिलों में राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (एसडीआरएफ) की 11 टीमों और 39 जिलों में प्रांतीय सशस्त्र बल (पीएसी) की 39 टीमों को राहत और बचाव अभियान के लिए तैनात किया गया है। उन्होंने कहा कि एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमों ने 536 लोगों को बचाया और 504 चिकित्सा टीमों को बाढ़ प्रभावित इलाकों में तैनात किया गया है। इसके अलावा, राज्य में 11,235 बाढ़ चौकियां और 940 बाढ़ आश्रय स्थल बनाए गए हैं और 1,463 नौकाओं को राहत एवं बचाव कार्यों में लगाया गया है। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में लोगों के बीच भोजन के पैकेट और सूखा राशन वितरित किया जा रहा है।

उन्होंने यह भी कहा, गांवों के साथ-साथ नदी तटबंधों और अन्य संवेदनशील जगहों पर नियमित गश्त की जा रही है। जिला प्रशासन को सामुदायिक रसोई स्थापित करने के निर्देश दिए गए हैं। पेट्रोल, डीजल, मिट्टी के तेल और खाद्य पदार्थों जैसी आवश्यक वस्तुओं की बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में नियमित आपूर्ति को बनाए रखा जा रहा है।

देश में बढ़ा कोरोना की तीसरी लहर का खतरा

» एक दिन में फिर आए 40 हजार से ज्यादा नए केस, 490 की मौत

नई दिल्ली (आरएनएस)। देश में कोरोना वायरस की दूसरी लहर के बाद तीसरी लहर का खतरा बढ़ता नजर आने लगा है। पिछले तीन दिन में जहां कोरोना संक्रमण के नए मामले तीस हजार से कम थे, तो पिछले एक दिन में 41 हजार से ज्यादा मामले दर्ज किये गये। वहीं संक्रमण के कारण 490 की मौत मरीजों की मौत भी हुई है।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार दूसरी लहर के बाद तीसरी लहर की आशंका वास्तविकता में बदलती नजर आ रही है। पिछले 24 घंटे में देश में कोरोना के 41,195 नए मामले सामने आने के बाद अब तक देश में कोरोना संक्रमण के शिकार लोगों की संख्या बढ़कर 3,20,77,706 पहुंच गई। वहीं पिछले 24 घंटों में कोरोना वायरस 490 लोगों ने अपनी जान गंवाई है। इस प्रकार देश में अब तक कोरोना संक्रमण की वजह से मरने वालों की संख्या अब 429,669 हो गई है। मंत्रालय के अनुसार देशभर में सक्रिय मामलों की संख्या घटकर 387,987 हो गई है, ये मामले कुल मामलों का 1.21 प्रतिशत है। हालांकि देश का रिकवरी रेट अब भी 97.45 प्रतिशत बना हुआ है। स्वास्थ्य मंत्रालय के आंकड़ों से भी पता चला है कि गुरुवार तक 31,260,050 लोग ठीक हो चुके हैं।

जिस प्रकार उतार चढ़ाव के बाद संक्रमण के केसों की संख्या धीरे-धीरे बढ़ रही है उससे देश में अब तीसरी लहर का डर पैदा होने लगा है। इसके लिए विशेषज्ञ पहले से ही आंशका जाहिर करते हुए चेतावनी देते आ रहे हैं। विशेषज्ञों के अनुसार तीसरी लहर का सबसे ज्यादा असर बच्चों पर देखने को मिल सकता है, जिसके कारण सतर्कता बरतने की आवश्यकता है।

अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी और उनकी मां को नोटिस

» मुंबई स्थित बंगले पर पहुंची लखनऊ पुलिस

लखनऊ (आरएनएस)। उत्तरप्रदेश के लखनऊ में चिनहट के बीबीडी चौकी प्रभारी अजय शुक्ला और उनकी टीम ने मुंबई स्थित अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी के बंगले पर पहुंचकर उनके मैनेजर को नोटिस तामील कराई। चौकी प्रभारी विभूतिखंड थाने में दर्ज आयोसिस वेलनेस सेंटर फर्म की फ्रेंचआइजी देकर घटिया सामान सप्लाई कर 1.36 करोड़ की ठगी के मामले में विवेचना कर रहे है। इस कंपनी की निदेशक शिल्पा शेट्टी और उनकी मां सुनंदा शेट्टी हैं। कंपनी के खिलाफ बीते साल 19 जून 2020 को ज्योत्सना ने मुकदमा दर्ज हुआ था।

डीसीपी पूर्वी संजीव सुमन ने बताया कि इस मामले में विवेचक ने शिल्पा शेट्टी की कंपनी के विनय भसीन, आशा, पूनम झा, अनामिका चतुर्वेदी समेत अन्य के बयान भी दर्ज किए। इस दौरान विवेचक और उनकी टीम आयोसिस वेलनेस कंपनी के निदेशक किरण बाबा के घर और कार्यालय पहुंची। पुलिस ने वहां नोटिस चस्पा की। ओमेक्स हाइट्स निवासी ज्योत्सना चौहान ने 19 जून को आयोसिस कंपनी के निदेशक किरण बाबा के अलावा विनय भसीन, अनामिका चतुर्वेदी, इशरफिर, नवनीत कौर, पूनम झा और आशा के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। ज्योत्सना के आरोप के अनुसार उन्होंने विभूतिखंड क्षेत्र स्थित रोहतास प्रेसिडेंशियल में आयोसिस वेलनेस सेंटर की फ्रेंचआइजी ली थी। दस्तावेज से संबधित सारी अहर्ताएं पूरी कर ली थी।

हिमाचल भूस्खलन : बस का मलबा मिला, 20 अब भी लापता

शिमला (आरएनएस)। हिमाचल प्रदेश के किन्नौर जिले में बड़े पैमाने पर भूस्खलन के बाद 500 मीटर गहरी खाई में गिरी बस का मलबा गुरुवार सुबह बरामद कर लिया गया। बचाव दल ने यह जानकारी दी। इस आपदा में अब तक 15 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 20 अन्य अभी भी लापता हैं। मलबे से ढके 200 मीटर के दायरे में फंसे 20 से अधिक लोगों को निकालने के लिए कई एजेंसियों की मदद से बचाव अभियान जारी है।

भूस्खलन में एक ट्रक, एक राज्य रोडवेज बस और अन्य वाहन दब गए, जो राज्य की राजधानी से लगभग 180 किलोमीटर दूर निगुलसारी के पास शिमला-रेकांग पियो राजमार्ग के एक हिस्से पर थे।

भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) ने एक ट्वीट में कहा, 17, 18 और 43 बटालियन के आईटीबीपी के जवानों को सड़क से लगभग 500 मीटर नीचे और सतलुज नदी से 200 मीटर ऊपर पहली लाइट (0525 बजे) पर बस का मलबा मिला। एक और शव निकाला गया। अब तक कुल 11 शव निकाले गए हैं। राज्य आपदा प्रबंधन निदेशक सुदेश कुमार मोख्ता ने आरएनएस को बताया कि 15 लोगों को बचा लिया गया है और 13 शव बरामद किए गए हैं। उन्होंने कहा कि राजमार्ग अभी भी यातायात के लिए बंद है। स्थानीय विधायक जगत सिंह नेगी ने मौके का दौरा किया और आईटीबीपी, स्थानीय अधिकारियों, सेना और राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) के बचाव अभियान का निरीक्षण किया।

हिमाचल सड़क परिवहन निगम की बस रिकांगपियो से शिमला होते हुए हरिद्वार जा रही थी। इसके चालक और परिचालक बाल-बाल बच गए।

लापता बस यात्रियों के परिजनों ने उनके ठिकाने के बारे में जानने के लिए स्थानीय अधिकारियों से संपर्क किया। ज्यादातर पीड़ित किन्नौर जिले के हैं।

सीएम योगी आदित्यनाथ ने 2846 चयनित शिक्षकों प्रदान किया नियुक्ति पत्र

» कहा- विद्यार्थी भाव ही बनाएगा योग्य शिक्षक

लखनऊ (आरएनएस)। मिशन रोजगार के तहत उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) से चयनित 2846 प्रवक्ता व सहायक अध्यापकों को गुरुवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ नियुक्ति पत्र वितरित किया। इस दौरान सीएम योगी ने खुद शिक्षक के अंदाज में नए शिक्षकों को पाठ पढ़ाया। उन्होंने कहा कि शिक्षक को हमेशा सीखते रहना चाहिए। विद्यार्थी भाव में रहेंगे तो योग्य शिक्षक बनेंगे। ईमानदारी से कृतित्व करेंगे तो छात्र की कृतज्ञता पाएंगे और विद्यार्थी का भविष्य अपनी लापरवाही से खराब करेंगे तो कोसे जाएंगे। उन्होंने कहा कि कहा कि प्रदेश में कई वर्षों के बाद शिक्षकों के चयन की प्रक्रिया पारदर्शी

तरीके से पूरी हुई है। सरकार ने चार साल से शिक्षकों के खाली पदों को भरने का पूरा प्रयास किया है। उन्होंने कहा कि पिछले चार साल में डेढ़ लाख शिक्षकों की भर्ती हुई है। यह भर्तियां बिना किसी सिफारिश और भेदभाव के की गई हैं।

लखनऊ के लोकभवन में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने संबोधन में कहा कि वर्ष 2017 के पहले योग्यता होने के बावजूद अभ्यर्थियों को निराशा मिलती थी। तब पारदर्शी व्यवस्था नहीं थी। ईमानदारी का अभाव था। तब सभी प्रकार की चयन प्रक्रिया में बेईमानी और भ्रष्टाचार का घुन लग जाता था, नव जवानों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रखा था और अंततः व्यक्ति को हताश और निराश होकर चुपचाप बैठना पड़ता था, लेकिन वर्ष 2017 के बाद भर्तियों में चयन प्रक्रिया को पारदर्शी बनाया गया है। इन 53 महीनों के दौरान सरकार ने अब साढ़े चार लाख नौजवानों को सरकारी नौकरी विभिन्न विभागों में दी गई है। ये सभी भर्तियां पिछली सरकारों की बेईमानी और गिद्ध दृष्टि के कारण, न्यायालय के स्थगन आदेश के कारण रुकी हुई थीं। वर्ष 2017 के बाद जब हमारी सरकार बनी तो एक-एक करके सभी समस्याओं का समाधान किया गया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि इन साढ़े चार वर्षों से प्रदेश साढ़े चार लाग नौजवानों को सरकारी नौकरियां दी गई हैं। ऐसा किसी भी सरकार के कार्यकाल में नहीं हुआ होगा। जब इस सरकार के पांच वर्ष के कार्यकाल पूरे हो रहे होंगे तब तक पांच लाख नौजवानों को सरकारी नौकरियां दे दी जाएंगी। मुख्यमंत्री ने नवनियुक्त शिक्षकों से कहा कि आप सभी शासन की योजनाओं की भी जानकारी रखें। आपको जानकारी होगी तो छात्र जानेंगे, तभी वह उनका लाभ ले सकेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पिछली सरकारों पर भर्तियों में भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए कहा कि तब वंशवाद और जातिवाद का नंगा तांडव होता था।

जांच में उत्कृष्टा के लिए 28 महिला अधिकारी व 152 पुलिस कर्मियों को मिलेगा मेडल

नई दिल्ली (आरएनएस)। केंद्रीय गृह मंत्रालय की ओर से जांच में उत्कृष्टता के लिए मिलने वाला केंद्रीय गृह मंत्री पदक 2021 से इस बार 152 पुलिस कर्मियों को नवाजा जाएगा। इन 152 पुलिसकर्मियों में 15 पुलिसकर्मी सीबीआई से, 11-11 पुलिसकर्मी महाराष्ट्र व मध्यप्रदेश पुलिस से, 10 उत्तर प्रदेश पुलिस से, नौ पुलिसकर्मी केरल व राजस्थान से, आठ तमिलनाडु, सात बिहार व छह-छह पुलिसकर्मी गुजरात, कर्नाटक व दिल्ली से हैं।

गृह मंत्रालय की ओर से जारी किए गए बयान के तहत इन 152 पुलिसकमियों में 28 महिला पुलिस अधिकारी भी शामिल हैं। किसी भी अपराध की जांच में उच्च मानकों को स्थापित करके पेशेवर रवैये को बढ़ाने, ईमानदारी, कर्त्तव्यनिष्ठा व काम से असाधारण साहस का परिचय देने वाले पुलिस कर्मियों को यह मेडल 2018 से दिया जा रहा है। इस पदक का उद्देश्य पुलिसर्मियों को प्रोत्साहित करना है। 2018 में केंद्रीय गृह मंत्री राजनाथ सिंह ने पुलिसकर्मियों को प्रोत्साहित करने के लिए पांच पुलिस पदक शुरू किए थे। इसमें विशेष संचालन पदक, पुलिस आंतरिक सुरक्षा सेवा पदक, असाधारण कुशलता पदक, उत्कृष्ट एवं अति उत्कृष्ट सेवा पदक और जांच में उत्कृष्टता पदक शामिल हैं।

स्वयं सहायता समूहों के ऋण की सीमा हुई दुगूनी, पीएम मोदी ने समूहो से बातचीत के दौरान किया ऐलान

नई दिल्ली (आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए गुरुवार को आत्मनिर्भर नारी-शक्ति से संवाद कार्यक्रम में हिस्सा लिया। प्रधानमंत्री मोदी ने इस कार्यक्रम में दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़े महिला और स्व-सहायता समूहों की महिला सदस्यों से बातचीत भी की। इस दौरान पीएम मोदी ने स्वयं सहायता समूहों को 20 लाख रुपये तक का ऋण मुहैया कराने का ऐलान किया, जिसकी सीमा दस लाख रुपये थी।

स्वयं सहायता समूहों से बातचीत करने के बाद अपने संबोधन में पीएम मोदी ने कहा कि कोरोना काल में जिस

प्रकार से हमारी बहनों ने स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से देशवासियों की सेवा की वो अभूतपूर्व है। मास्क और सेनेटाइजर बनाना हो, जरूरतमंदों तक खाना पहुंचाना हो, जागरूकता का काम हो, हर प्रकार से आपकी सखी समूहों का योगदान अतुलनीय रहा है। पीएम मोदी ने कहा कि पहले अधिकांश महिलाएं पैसे को रसोई के डिब्बे में रखती थीं लेकिन जब हमारी सरकार आई तो हमने देखा कि देश की करोड़ों बहनें ऐसी थीं जिनके पास बैंक खाता तक नहीं था, जो बैंकिंग सिस्टम से कोसों दूर थीं। इसलिए हमने सबसे पहले जनधन खाते खोलने का बहुत बड़ा अभियान शुरू किया। पीएम मोदी ने कहा कि 42 करोड़ से अधिक जन धन बैंक खाते हैं, जिनमें से 55 फीसदी महिलाओं के पास हैं। इन खातों में हजारों करोड़ हैं। हमने न सिर्फ बैंक खाते खोले, बल्कि कर्ज भी आसान किया। पीएम ने कहा कि आज देशभर में लगभग 70 लाख स्वयं सहायता समूह हैं, जिनसे लगभग 8 करोड़ बहनें जुड़ी है। पिछले 6-7 सालों के दौरान स्वयं सहायता समूहों में तीन गुना बहनों की भागीदारी सुनिश्चित हुई है। पीएम मोदी ने कहा कि आज बदलते हुए भारत में देश की बहनों-बेटियों के पास भी आगे बढ़ने के अवसर बढ़ रहे हैं। घर, शौचालय, बिजली, पानी, जैसी सुविधाओं से सभी बहनों को जोड़ा जा रहा है। बहनों-बेटियों की शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, टीकाकरण और दूसरी जरूरतों पर भी सरकार पूरी संवेदनशीलता से काम कर रही है।

महिला उद्यमी के लिए 1600 करोड़ की राशि भेजी गई : पीएम- पीएम मोदी ने कहा कि फूड प्रोसेसिंग से जुड़े उद्यम हो, महिला किसान उत्पादक संघ हो या फिर दूसरे स्वयं सहायता समूह, बहनों के ऐसे लाखों समूहों के लिए 1,600 करोड़ रुपये से अधिक राशि भेजी गई है। पीएम ने कहा कि आजादी के 75 वर्ष का ये समय नए लक्ष्य तय करने और नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ने का है। सरकार लगातार वो माहौल, वो स्थितियां बना रही है जहां से आप सभी बहनें हमारे गांवों को समृद्धि और संपन्नता से जोड़ सकती हैं।

खिलौनों के क्षेत्र में आदिवासी महिलाओं का विशेष योगदान- पीएम मोदी ने कहा कि भारत में बने खिलौनों को भी सरकार बहुत प्रोत्साहित कर रही है, इसके लिए हर संभव मदद भी दे रही है। विशेष रूप से हमारे आदिवासी क्षेत्रों की बहनें तो पारंपरिक रूप से इससे जुड़ी हैं। इसमें भी स्वयं सहायता समूह के लिए बहुत संभावनाएं हैं।

सिंगल यूज प्लास्टिक से मुक्त अभियान- पीएम मोदी ने कहा कि आज देश को सिंगल यूज प्लास्टिक से मुक्त करने का अभी अभियान चल रहा है। इसमें सेल्फ हेल्प ग्रुप्स की दोहरी भूमिका है। आपको सिंगल यूज प्लास्टिक को लेकर जागरूकता भी बढ़ानी है और इसके विकल्प के लिए भी काम करना है।